सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर–272202
उ0प्र0(भारत)Email Id: registrarsidduniv@gmail.com

अधिसूचना

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि मा0 कुलपति जी की अनुमति के क्रम में पी0एचडी0 2021 में चयनित सभी शोध अभ्यर्थियों को प्रत्येक 6 माह की प्रगति आख्या जमा करने हेतु पत्रांक–1021/शो0अनु0/सि0वि0वि0/2024 दिनांक–06.03.2024 के माध्यम से सूचित किया गया था, जिसके सम्बन्ध में पत्रांक–1081/शो0अनु0/सि0वि0वि0 दिनांक 24/04/2024 को प्रत्येक शोधार्थी के लिए शोध निर्देशक द्वारा एस0आर0सी0 (S.R.C.) छात्र शोध समिति का गठन कर विभागीय शोध समिति (D.R.C.) से स्वीकृत करा कर, शोध अनुभाग में जमा करने हेतु सूचित किया गया था। परन्तु कुछ शोधार्थियों के छःमाही प्रगति आख्या न जमा करने का कारण ज्ञात हुआ कि उनकी एस0आर0सी0 (S.R.C.) का गठन नहीं किया गया है, या फिर निर्देशक द्वारा छात्र शोध समिति का गठन कर भेजे जाने पर अभी तक विभागीय शोध समिति (D.R.C.) से स्वीकृत नहीं हो पायी है।

अतः सभी सम्बन्धित से पुनः अनुरोध है कि प्रत्येक शोधार्थी की पृथक–2 छात्र शोध समिति (S.R.C.) का गठन कर यथाशीघ्र अपनी सम्बन्धित विभागीय शोध समिति को प्रेषित करने का कष्ट करें, और सभी सम्बन्धित विभागीय शोध समिति के अध्यक्ष/सदस्य(सचिव) से अनुरोध है, कि वे अतिशीघ्र अपने विषय की विभागीय शोध समिति (आनलाइन/आफलाइन) कराकर सभी छात्र शोध समिति (S.R.C.) की अनुसंशा से सम्बन्धित विभागीय शोध समिति (D.R.C.) की बैठक की कार्यवाही से (कार्यवृत्ति के संलग्नक के साथ) शोध अनुभाग को अवगत करानें का कष्ट करें। ताकि पी0एचडी0 2021 में चयनित सभी शोध अभ्यर्थियों की छःमाही प्रगति आख्या सुचारू रूप से वेबसाइड पर उपलब्ध प्रारूप में जमा करायी जा सके।

05/11/24

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय,कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक–1471/शो0अनु0/सि0वि0वि0/2024 दिनांक– 05/11/2024

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त संकायाध्यक्ष/समस्त विभागाध्यक्ष/ समस्त शोध निर्देशक।
2. समस्त शोधरत छात्र।
3. वैयक्तिक कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय,कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. निजी सचिव, कुलपति जी कुलपित जी को अवलोकनार्थ प्रेषित।
5. कोडिंग प्रभारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थ नगर।
6. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय,कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।